
हिन्दी दैनिक
RNI- BIHHIN/2012/43368
# नव शक्ति
www.navshaktinews.in
navshakti newspaper patna
वर्ष : 13, अंक : 83 | पटना, गुरुवार, 09 मई, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# नस्लवादी मानसिकता को स्वीकार नहीं, शहजादे को देना पड़ेगा जवाबः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (नवशक्ति)।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर और वारंगल में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस एवं बीआरएस की तुष्टीकरण की राजनीति की सच्चाई जनता के समक्ष उजागर की। इन कार्यक्रमों में करीमनगर प्रत्याशी श्री बंडी संजय कुमार, पेद्दापल्ली प्रत्याशी श्री गोमासा श्रीनिवास, आदिलाबाद प्रत्याशी श्री गोदाम नागेश, वारंगल प्रत्याशी श्री अरूरी रमेश सहित पार्टी ने अन्य गणमान्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे। श्री मोदी ने कहा कि कल देश में तीसरे चरण का चुनाव पूरा हो गया है। इस चरण के बाद कांग्रेस और इंडी गठबंधन का तीसरा फ्यूज उड़ गया है। अभी चार चरण के चुनाव बाकी हैं और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से भाजपा और एनडीए तेजी से विजय रथ को आगे ले जा रही है। कांग्रेस सीटों की तलाश में मैग्निफाईंग ग्लास के साथ अपनी सीट खोज रही है। मैं यहां जो उत्साह देख रहा हूं, वह मुझे और अधिक आश्वस्त करता है कि अगले चरण में, एक मैग्नीफाइंग ग्लास भी पर्याप्त नहीं होगा और कांग्रेस को सीटें खोजने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता होगी। कांग्रेस की हार करीमनगर में इस तरह से तय हो गई है कि कांग्रेस बहुत मुश्किल से चुनाव लड़ने के लिए अपने प्रत्याशी को मना पाई है और बीआरएस का इस क्षेत्र में अता पता ही नहीं है। 40 साल पहले जब



भाजपा के केवल 2 सांसद थे, उनमें से एक वारंगल क्षेत्र से थे। भाजपा के मुश्किल समय में भी वारंगल पार्टी के साथ खड़ा रहा है। जनता का एहसान चुकाने के लिए, हम आपको बीआरएस और कांग्रेस के कसते शिकंजे से बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आज जनता का सपना विकसित भारत, विकसित तेलंगाना है। जनता ने 10 वर्ष का मोदी का काम देखा है, जनता के एक वोट से भारत विश्व में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया, जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर दिया और भारत रक्षा आयातक से रक्षा निर्यातक बना गया। हमारे देश में सामर्थ्य की कभी कमी नहीं रही लेकिन कांग्रेस सरकार ने कई वर्षों तक देश के हर सामर्थ्य को तबाह किया।

देश की अर्थव्यवस्था, कृषि और टेक्सटाइल क्षेत्र सदियों से भारत की ताकत थी मगर कांग्रेस ने उसको भी तबाह कर दिया, कांग्रेस इसकी सबसे बड़ी वजह है। भाजपा और एनडीए ने 10 वर्ष में हर क्षेत्र को आगे बढ़ाया है। भाजपा कृषि क्षेत्र का आधुनिकीकरण कर रही है। आज किसान को किसान सम्मान निधि प्राप्त हो रही है और किसानों को फसल बीमा का लाभ मिल रहा है। एनडीए सरकार देश में टेक्सटाइल पार्क बना रही है। आज कौशल विकास से लेकर आर्थिक सहायता तक हर स्तर पर भाजपा सरकार जनता के साथ खड़ी है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि कांग्रेस हो या इंडी गठबंधन जहां सत्ता में आए वह राज्य इनके लिए एटीएम बन जाता है। अभी झारखंड से नोटों के ढेर बरामद किए गए हैं, कांग्रेस के एक सांसद के घर से 300 करोड़ रुपए नगद बरामद किया गया था और जब मोदी इनके काले धन और भ्रष्टाचार पर कार्रवाई करता है तो वे मोदी को गाली देते हैं। बीआरएस की नीतियां भी एससी और एसटी समुदाय को धोखा देने पर आधारित हैं। 2014 में बीआरएस ने आपसे एक दलित सीएम बनाने का वादा किया था, फिर भी जब उस वादे को पूरा करने की बात आई तो वह लड़खड़ा गए। अपनी तुष्टिकरण नीति के करण बीआरएस ने वर्ग विशेष को एक आईटी पार्क समर्पित करने का वादा किया था।

## संपादकीय

### राहुल के पास हौसला तो है लेकिन जांबाजों की फौज कमी है

जे पी चौधरी



वायनाड लोकसभा के अलावा राहुल गांधी और कहां से चुनाव लड़ेंगे इसकी जितनी चर्चा हो रही थी, उतनी चर्चा किसी और नेता के निर्वाचन क्षेत्र को लेकर इस चुनाव में नहीं हुई। चर्चा अमेठी की भी चल रही थी जहां से 15 साल तक सांसद रहने के बाद 2019 के चुनाव में राहुल गांधी को हार का सामना करना पड़ा था। अमेठी से गांधी परिवार का पुराना नाता रहा है। अमेठी ने 1980 में संजय गांधी, फिर तीन बार राजीव गांधी, एक बार सोनिया गांधी और तीन बार राहुल गांधी को लोकसभा पहुंचाया। मगर राहुल गांधी इस बार अमेठी से क्यों खड़े नहीं हुए, यह कहना जरा मुश्किल है, हो सकता है कि सिपहसालारों ने उन्हें कहा हो कि कहीं हार न हो जाए। मुझे लगता है कि अमेठी से उन्हें चुनाव लड़ना चाहिए था, ऐसा कहते हैं कि वे वहां से जीत भी जाते।अमेठी से कांग्रेस ने गांधी परिवार के खासमखास किशोरी लाल शर्मा को मैदान में उतारा है। लोगों को उम्मीद थी कि प्रियंका गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी लेकिन प्रियंका ने कहा है कि वे किशोरी लाल शर्मा के लिए धुआंधार प्रचार करेंगी। मुझे लगता है कि प्रियंका खुद मैदान में होतीं तो उनकी जीत की संभावना प्रबल हो सकती थी। वो चुनाव नहीं लड़ रही हैं और राहुल गांधी ने परिवार की एक और परंपरागत सीट रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया तो यह निश्चय ही रायबरेली के प्रति उनकी उम्मीद को दशार्ता है। गांधी-नेहरू परिवार की जड़ें रायबरेली में ज्यादा पुरानी और गहरी हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा चुनाव में फिरोज गांधी रायबरेली से ही संसद में पहुंचे थे। इंदिरा गांधी तीन बार वहां से चुनाव जीतीं। सोनिया गांधी 2004 से लगातार चार बार रायबरेली का प्रतिनिधित्व करती रही हैं। रायबरेली में राहुल गांधी ने बड़ी धूमधाम के साथ नामांकन भरा। जाहिर सी बात है कि उन पर सबकी नजर रहती है, भाजपा के एक नेता ने व्यंग्यात्मक लहजे में मुझसे कहा कि राहुल गांधी तो कह रहे थे कि ईडी ने कांग्रेस का बैंक खाता सील कर दिया है और हमारे पास ट्रेन का टिकट खरीदने के पैसे नहीं हैं तो वे खुद एक विमान में कैसे आए जिसमें पक्के कांग्रेसी अशोक गहलोत और के.सी. वेणुगोपाल भी उनके साथ थे? दूसरे विमान में सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, रॉबर्ट वाड्रा और तीसरे विमान में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आए? फिर उस भाजपाई ने मुझे यह भी याद दिला दिया कि किशोरी लाल शर्मा का नामांकन भरवाने तो इनमें से कोई अमेठी नहीं पहुंचा था। भाजपा को तो बस मौका चाहिए और कोई मौका चूके भी क्यों? भाजपा ने तो यह दावा भी कर दिया कि राहुल गांधी डर कर वायनाड से भागे हैं। केरल के चीफ मिनिस्टर पी. विजयन ने कहा कि ऐसा उम्मीदवार दे दिया है कि राहुल का जीतना मुश्किल है। हालांकि ऐसी खबरें आ रही हैं कि राहुल गांधी के वायनाड से चुन कर आने की पूरी संभावना है तो अब बड़ा सवाल है कि यदि राहुल गांधी दोनों स्थानों से चुनाव जीत जाते हैं तो वे कौन सी सीट अपने पास रखेंगे? मुझे लगता है कि वे परिवार की परंपरागत सीट रायबरेली को तरजीह देंगे। उन्हें पता है कि जब तक उत्तर प्रदेश पर कब्जा नहीं होता तब तक देश पर राज करने की बात सोचना भी बेमानी है।राहुल के पास हौसला तो है लेकिन जांबाजों की फौज नहीं है।

## संप्रदाय के आधार पर आरक्षण गलत : डॉ. प्रेम कुमार

**पटना , ( नवशक्ति)।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने लालू प्रसाद यादव के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि लालू प्रसाद का संप्रदाय के आधार पर आरक्षण/( सिर्फ मुस्लिमों को ) लागू करने का बयान देना गलत है। लालू प्रसाद यादव वोट के कारण किसी खास समुदाय को खुश करने के लिए मुसलमानों की आरक्षण की बात करते हैं।इन्हें अपनी गद्दी चाहिए,अनुसूचित जाति,अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग नहीं चाहिए। सिर्फ और सिर्फ सत्ता का सुख चाहिए। मुस्लिम के वोट बैंक का लालू जी को लोभ है। इस देश में सिख,जैन,बौद्ध,ईसाई और पारसी भी है उनकी चिंता इन्हें नहीं है। क्योंकि वोट के लिहाज से इनकी आबादी बहुत कम है। देश के हिंदुओं सचेत हो जाओ। हमारे आरक्षण को खत्म कर मुसलमानों को देने की फिराक में है इंडी गठबंधन के नेता।

राजद के लोग अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति,पिछड़ा वर्ग समुदाय और स्वर्ण के आरक्षण को खत्म कर मुस्लिम को आरक्षण देने वाले लालू जी के लिए वाई यानी यादव का महत्व नहीं रखता सिर्फ और सिर्फ मुस्लिम ही उनकी नजर में महत्वपूर्ण है इसलिए वह मुसलमानों के संपूर्ण आरक्षण देने की बात करते हैं। अब भी वक्त है देश के लोगों इंडी गठबंधन बलों को सबक सिखाओ। एनडीए को ज़िताओ विकसित भारत बनाओ।

## नरेंद्र मोदी सिर्फ जुमला बाजी करते हैं : तेजस्वी यादव

**जहानाबाद,(नवशक्ति)।** जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन समर्थित राजद उम्मीदवार सुरेंद्र प्रसाद यादव के नामांकन के बाद जहानाबाद के गांधी मैदान में आयोजित चुनावी सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सन ऑफ मल्लाह भीआईपी पार्टी के मुकेश साहनी राज सभा सांसद संजय यादव जहानाबाद से राजद उम्मीदवार सुरेंद्र प्रसाद यादव सहित पार्टी के माननीय विधायक, विधान पार्षद बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ,राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र चंद्रवंशी, महानगर अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दिलीप निषाद सहित अन्य गणमान्य गण भी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ जुमला बाजी करते हैं और अपने वादे पर कभी कायम नहीं रहते, नौजवानों को जिस तरह से नौकरी और रोजगार के नाम पर भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है, यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है ।

इन्होंने ने आगे कि हर साल 2 करोड़ नौकरी देने की बात किए थे लेकिन नौकरी देना तो दूर नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं ,और उन्हें रोजगार की जगह नफरत की राजनीति सीखा रहे हैं ।2014 और 19 में जो वादे किए थे उस वादे की अब चर्चा नहीं करते हैं और सिर्फ हिंदू -मुसलमान करके लोगों को बरगलाने का काम करते हैं। अब देश का नौजवान और आम अवाम मोदी जी के बहकावे में नहीं आने वाले हैं ।



मोदी जी बुजुर्ग हो गए हैं उन्हें बेहतर ढंग से काम करना चाहिए । और नौजवानों के रोजगार और काम की बात करनी चाहिए ,लेकिन उसकी जगह महंगाई बढ़ा रहे हैं और महिलाओं के सम्मान का ख्याल नहीं रखते हैं और जो महिलाओं को अपमानित करने वाले हैं उन्हें भाजपा संरक्षित कर रह हैं। आज महंगाई चरम सीमा पर है और इस दिशा में केंद्र सरकार की ओर से कोई काम नहीं किया जा रहे हैं, गरीबों को और गरीब बनाने का सरकार के स्तर से कार्यक्रम चल रहा है और समाज में नफरत का माहौल खड़ा करके 10 सालों के बातों को भुलावा में रखना चाहते हैं ,लेकिन अब जनता भूलने वाली नहीं है मोदी जी से इस चुनाव में जनता हिसाब ले रही है ,इसीलिए बेचैनी और बौखलाहट में है । इन्होंने आगे कहा कि दोनों डिप्टी सीएम लालू जी और तेजस्वी के प्रति किस तरह की भाषा इस्तेमाल करते हैं यह सब लोग देख रहे हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को कहां पहुंचा दिया गया है यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है ।

## संविधान व आरक्षण बदलने की कर रही कोशिशः मंगल पांडेय

**पटना, ( नवशक्ति)।** सूबे के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय ने कहा कि भाजपा एवं आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए संविधान और आरक्षण का लाभ उनलोगों तक पहुंचा रही है, जिनके लिए बाबा साहेब ने संविधान बनाया था, परंतु राजद एवं कांग्रेस मिलकर भारत के संविधान और आरक्षण के प्रावाधन को बदलने का प्रयास कर रही है। राजद और कांग्रेस के नेताओं को मालूम होना चाहिए कि अनुसूचित जाति और जनजाति को देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचाने का काम भाजपा ने ही किया, न कि कांग्रेस और राजद ने। यही नहीं अल्पसंख्यकों का हितैषी बनने वाले को यह भी मालूम होना चाहिए कि वैज्ञानिक डा. अब्दुल कलाम आजाद को राष्ट्रपति बनाने का काम भाजपा ने ही किया। श्री पांडेय ने कहा कि लालू प्रसाद जी आज अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने की बात कर रहे है, यह सरासर संविधान एवं बाबा साहेब अंबेडकर जी की भावनाओं के विपरीत है। राजद के लोग आज वोट के लिए अल्पसंख्यकों को आरक्षण का राग अलाप रहे हैं। हकीकत तो यह है कि अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ों और अति पिछड़ों को मिले आरक्षण को छी? कर राजद अल्पसंख्यकों को आरक्षण का लाभ देना चाहता है, ताकि उस समाज में अपना वोट बैंक बना सके, लेकिन राजद की मंशा कभी पूरा नहीं होने वाली है। लालू प्रसाद कहते हैं कि मंडल कमीशन उन्होंने लागू कराया, लेकिन उन्हें मालूम होना चाहिए कि उस समय भाजपा ने ही मंडल कमीशन को लागू कराने एवं समर्थन देने का काम किया था, तब जाकर मंडल कमीशन मूर्त रूप ले सका था।

श्री पांडेय ने कहा कि कांग्रेस और राजद के पास आज कोई मुद्दा नहीं है। इसलिए बेमतलब की बात कर लोगों को भ्रमित कर रहा है। भाजपा सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास लेकर चल रही है। चाहे वह अल्पसंख्यक हो, अनुसूचित जाति या जनजाति हो या फिर पिछड़ा और अतिपिछड़ा या सामान्य वर्ग। भाजपा सबका कल्याण चाहती है और सबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चला रही है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 मई की शाम पटना में रोड शो, राजधानी की सड़कों पर दिखेगा बिहार की झलक : सम्राट चौधरी

**पटना, (नव शक्ति)।** प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी 12 मई की शाम बिहार की राजधानी पटना में रोड शो करेंगे। यह पहला मौका होगा कि कोई प्रधानमंत्री पटना की सड़कों पर रोड शो करेंगे। इसकी घोषणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज एक प्रेस वार्ता में की।

मीडिया सेंटर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 12 मई की शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटना में रोड शो करेंगे। वे बेली रोड से आएंगे और डाक बंगला इलाके में जाएंगे। प्रधानमन्त्री प्रदेश को यह संदेश देने का काम करेंगे पिछले 10 वर्षों में भारत के विकास, समृद्धि, आर्थिक




विकास के लिए काम किया है। इसके अलावा सभी वर्गों को आरक्षण की व्यवस्था सुदृढ करने तथा संविधान बचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस रोड शो में बिहार की झलक दिखेगी। उन्होंने कहा कि इस रोड शो में पटना के अलावा बिहार की जनता भी भाग लेंगी। इस दौरान श्री चौधरी ने लालू प्रसाद यादव के मंडल कमीशन लागू करने के एक बयान को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि लालू जी बुजुर्ग हो गए हैं, इस कारण उनको ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि वी पी सिंह जब प्रधानमन्त्री थे तब उनके 146 सांसद थे जबकि कांग्रेस के करीब 200 सांसद थे । भाजपा के 85 सांसद थे। अटल जी और आडवाणी जी ने मंडल कमीशन को समर्थन देकर पिछड़ों को न्याय देने का काम किया।

श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी सही प्रश्न उठा रहे हैं। लालू जी सिर्फ एक जाति और धर्म के लोगों के पक्ष में रहते हैं। पहले भी जब वे सरकार में थे तब ऐसे कारनामे कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि 1990 में भाजपा ने समर्थन नहीं दिया होता तो ना कमंडल खड़ा हुआ होता, ना मंडल होता। यही नहीं लालू प्रसाद की राजनीति में उत्पति भी नहीं होती। लालू जी मुख्यमंत्री भी नहीं बनते, भाजपा के समर्थन से ही वे पहली बार मुख्यमंत्री बने थे।

उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने आगे कहा कि लालू प्रसाद यादव झूठ बोल रहे हैं। केवल फेसबुक और एक्स पर झूठ लिख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 10 साल हो गए, जो भी गलत कानून बना होगा उसको समाप्त किया जाएगा। जम्मू कश्मीर से 370 उखाड़ फेंका। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि पिछड़ों , दलितों, अति पिछड़ों का और सवर्ण के गरीबों के आरक्षण को मोदी जी की सरकार सुरक्षित रखने का काम करेगी। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि राजद आगे खाता खोल ले। उन्होंने लालू और तेजस्वी पर तंज कसते हुए कहा कि अभी तो वे बीमार हैं पहले दोनों स्वस्थ तो हो लें।

## झारखंड में आदिवासियों को शुद्ध पानी पीने के लिए नहीं मिलता मंत्री के स्टाफ पास करोड़ों रुपया मिल रहा है

**नई दिल्ली/ रांची (विशेष संवाददाता)।** प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के जिस नौकर जहांगीर को गिरफ्तार किया है, वह गाड़ीखाना चौक के पास सर सैयद रेसीडेंसी के फ्लैट में साधारण तरीके से आया-जाया करता था। ताकि उस पर किसी को शक नहीं हो। अपार्टमेंट के लोगों ने बताया कि वह सप्ताह-दस दिन में फ्लैट में थैला लेकर आता था, एक-दो घंटे बिताने के बाद चला जाता था। इसी फ्लैट से 32.30 करोड़ रुपए बरामद किए गए हैं।

जितनी देर वह फ्लैट में रहता था, गंजी और ट्राउजर में ही रहता था। किसी तरह का ठाठ-बाट नहीं रखता था। जहांगीर ने अपने फ्लैट को पूरी तरह से सुरक्षित बनवाया था। फ्लैट खरीदने के बाद उसने दरवाजे में लोहे का ग्रिल लगवाया था। वह कभी अपार्टमेंट में चारपहिया वाहन से नहीं आता था। वह एक सफेद रंग की पुरानी स्कूटी से आया-जाया करता था। उसी से वह अपार्टमेंट में आया-जाया करता था।

वह ऐसा इसलिए करता था, ताकि उसके पास इतनी रकम है, इसका पता किसी को नहीं चल सके। अपार्टमेंट के लोगों से भी वह संपर्क नहीं रखता था। जब वह अपने फ्लैट में जाता था तो सामने में अगर कोई नजर आ गया तो उन्हें सलाम-दुआ करके निकल जाता था।



अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने बताया कि जहांगीर प्रतिदिन अपने फ्लैट में नहीं आता था। सप्ताह-दस दिन में वह आता था। हाथ में थैला लेकर आता और सीधे अपने फ्लैट में चला जाता था। एक से दो घंटे बिताने के बाद वह फिर निकलकर चला जाता था। नोट पकड़ाने के बाद अपार्टमेंट के लोगों का कहना था कि जहांगीर सिर्फ पैसा रखने के लिए ही फ्लैट ले रखा था। जहांगीर ने छह महीने पहले गाड़ीखाना चौक स्थित सर सैयद रेसिडेंसी में प्रथम तल्ले पर फ्लैट खरीदा था। बिल्डर ने जिस व्यक्ति को फ्लैट बेचा था, उससे जहांगीर ने 40 लाख रुपए का भुगतान कर उससे फ्लैट लिया था। जहांगीर ने यह राशि फ्लैट मालिक को एक बार में अदा कर दी थी। वह उस अपार्टमेंट में और भी लोगों से फ्लैट खरीदने की तैयारी में था। ईडी की ओर से जब जहांगीर के फ्लैट में छापेमारी कर 32.30 करोड़ बरामद किया और इसकी जानकारी आसपास के लोगों को मिली तो उनके होश उड़ गए।



मुंगेर में रोड शो करते हैं लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान साथ में मुंगेर लोकसभा के प्रत्याशी राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह।

# केसरिया से राजद के प्रत्याशी रहे संतोष कुशवाहा सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा सदस्यता ग्रहण की



**पटना, (नव शक्ति संवाददाता )।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज आयोजित मिलन समारोह में केसरिया से राजद के प्रत्याशी रहे संतोष कुशवाहा अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मिलन समारोह में बी एन मंडल के पूर्व प्रति कुलपति जय प्रकाश नारायण झा ने भी भाजपा में शामिल हुए।

इन सभी लोगों को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और पार्टी में स्वागत किया।

इस मिलन समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा किसी व्यक्ति के परिवार की पार्टी नहीं बल्कि पूरी पार्टी एक परिवार है। उन्होंने कहा कि भाजपा सामाजिक संरचना के लिए दलित और आदिवासी समाज से आने वाले लोगों को राष्ट्रपति बनाती है। जबकि दूसरी ओर राजद के लिए अपना परिवार ही पार्टी है।

श्री चौधरी ने राजद के अध्यक्ष लालू यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि ये आरक्षण भी अपनी पत्नी और बेटे और बेटी तक देते हैं और उसे ही आरक्षण गिनते हैं। उन्होंने लालू प्रसाद के मंडल कमीशन लागू करवाने के बयान पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बुजुर्ग हो गए हैं, इस कारण उन्हें याद नहीं है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के समर्थन से मंडल कमीशन लागू हुआ। दरअसल, राजद को खुद का आरक्षण समाप्त होने का डर सता रहा है, इस कारण आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं।

उन्होंने भरोसा देते हुए कहा कि जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं पिछड़े, दलित, अति पिछड़े और सवर्ण गरीब का आरक्षण कोई समाप्त नहीं कर सकता। उन्होंने भाजपा में शामिल होने वाले लोगों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि कुशवाहा जी के आने के पहले भाजपा प्रत्याशी राधा मोहन सिंह एक लाख वोट से जीत रहे थे, अब तय है कि यह जीत बढ़कर अब ढाई से तीन लाख हो जाएगी। इस मौके पर बिहार के मंत्री दिलीप जायसवाल, कार्यालय मंत्री प्रवीन चंद्र पटेल राय सहित कई लोग उपस्थित थे।

# एनडीए शासन काल में बिहार बना पेपर लीक का अड्डा : राजेश राठौड़



**पटना. (नव शक्ति संवाददाता)।** बिहार में एक के बाद एक प्रतियोगी परीक्षाओं के हो रहे पेपर लीक पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने राज्य की नीतीश भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि एनडीए के शासन काल में बिहार पेपर लीक का अड्डा बन जाता है। उन्होंने राज्य की एनडीए सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन में इस शासन में डर बना रहता है। पहले पुलिस भर्ती का पेपर लीक हुआ जिसकी अब तक जांच रिपोर्ट तक नहीं आई तभी शिक्षक पात्रता परीक्षा के पेपर लीक हो गए और अब तो देश के प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा के पेपर भी लीक होने लगे।

बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि राज्य में अपराधियों के मंसूबे बुलंद हैं क्योंकि एनडीए के शासन काल में राज्य में लचर शासन व्यवस्था उन्हें मजबूती दे देती है । उन्होंने आगे कहा कि सबसे बड़ी जांच का विषय तो यह भी बनता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासन काल में नालंदा जिले से ही सबसे ज्यादा परीक्षा परिणाम कैसे आ रहे हैं? साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के शिथिल कानून व्यवस्था के कारण हमारे प्रदेश के प्रतियोगी छात्रों के भविष्य को ऐसी पेपर लीक की घटनाएं अधर में डाल देती हैं जिससे तय उम्र सीमा के पार होने की भी समस्या आती है। प्रतियोगी छात्र ऐसी घटनाओं से सदमे में आ जाते हैं और साथ ही उनकी तैयारियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामले की गंभीरता को हमारे नेता राहुल गांधी ने भांपते हुए इसीलिए अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो ऐसी घटनाओं के लिए कठोरतम कानून का प्रावधान बनाने की वकालत वें करेंगे जिससे कि बच्चों का भविष्य खराब हो गई

# एनडीए प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने अधिवक्ताओं के साथ किया संवाद





**पटना साहिब (नव शक्ति संवाददाता)।** एनडीए प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने बिहार भाजपा के अधिवक्ता प्रकोष्ठ के संयोजक विंध्याचल राय की अध्यक्षता में इक्‍अ हॉल में आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लिया।

श्री प्रसाद ने बताया की अधिवक्ता मित्रों से मुलाकात कर और उनके साथ संवाद कर हमेशा अच्छा लगता है। आज अपने चुनाव क्षेत्र पटना साहिब लोकसभा अंतर्गत इक्‍अ हॉल में आयोजित अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम में उपस्थित होकर अधिवक्ता मित्रों से संवाद किया। इस दौरान श्री प्रसाद ने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजना, राम मन्दिर का भव्य निर्माण, भ्रष्टाचार के ऊपर सख्त कार्रवाई, अधिवक्ताओं का संगठन के विस्तार में योगदान, भारत के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत को सुरक्षित, सबल और सामरिक रूप से सक्षम भारत बनाने में किए गए कार्यों पर चर्चा किया।

श्री प्रसाद ने विशेष रूप से सभी अधिवक्ता मित्रों से अधिक से अधिक मतदान कराने के सम्बन्ध में कार्ययोजना बनाकर यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। श्री प्रसाद ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन श्री मनन कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता मित्रों से मुलाकात और उनके साथ संवाद पर खुशी जाहिर की।

इस अवसर पर सभी अधिवक्ताओं ने एनडीए प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के पहल पर सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए भवन निर्माण का शुभारंभ किए जाने के लिए उनका अभिनंदन किया। ज्ञात हो कि विगत 11 मार्च को पटना सिविल कोर्ट में 21 करोड़ रुपए की लागत से अधिवक्ताओं के बैठने के लिए चैंबर निर्माण का शिलान्यास रविशंकर प्रसाद ने किया था।

# मंडल कमीशन की बैठक तक में शामिल नहीं होने वाले लालू प्रसाद आज लोगों के बीच फैला रहे भ्रमः जद(यू)




**पटना (नव शक्ति संवाददाता)।** जद( यू ) प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता निहोरा प्रसाद यादव, प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद और धीरज कुशवाहा ने संयुक्त तौर पर मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने मंडल कमीशन की रिपोर्ट को देशभर में लागू करवाने के लालू प्रसाद यादव के झूठे दावे पर जमकर निशाना साधा। पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि लालू प्रसाद असल मायने में झूठ बोलने की मशीन हैं और वो मंडल कमीशन रिपोर्ट को लेकर चुनाव के समय जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं।

पार्टी प्रवक्ताओं ने लालू प्रसाद यादव से सवाल पूछते हुए कहा कि आज जिस कांग्रेस की गोद में बैठकर लालू प्रसाद यादव राजनीति कर रहे हैं उस कांग्रेस से उन्हें पूछना चाहिए कि आजादी के बाद सालों तक केंद्र में शासन करने वाली कांग्रेस ने आखिर केंद्र की नौकरियों में आरक्षण क्यों नहीं दिया? उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव ने कभी कांग्रेस से नहीं पूछा कि आखिर काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में उसने क्यों डाला? उन्होंने गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि ये हकीकत है कि आजादी के बाद 50 सालों तक पिछड़ा समुदाय का बेटा केंद्र की नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं ले सका।

पार्टी प्रवक्ताओं ने लालू प्रसाद यादव के दावे पर तंज कसते हुए कहा कि कैसे बतौर राज्य का मुख्यमंत्री रहते लालू प्रसाद ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को केंद्रीय स्तर पर लागू करने का दावा किया? जबकि हकीकत ये है कि केंद्रीय स्तर पर तत्कालीन प्रधानमंत्री वी0 पी0 सिंह ने मंडल आयोग की रिपोर्ट को देशभर में लागू करने का काम किया था, लालू यादव ने नहीं । उन्होंने कहा कि सच्चाई ये है कि लालू प्रसाद को कभी पिछड़ों के आरक्षण के प्रति कोई मोह नहीं रहा। उन्होंने कहा कि ये तो माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी की लगातार कोशिश रही कि उन्होंने कई सालों तक लगातार केंद्रीय स्तर पर पिछड़ों और अति पिछड़ों के लिए आरक्षण लागू करने की मांग की।

इस दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने लालू प्रसाद यादव से कुछ अहम सवाल पूछेः क्या ये सही नहीं है कि देश स्तर पर किसी भी आयोग की सिफारिशों को देश का प्रधानमंत्री लागू करता है, ना कि किसी राज्य का मुख्यमंत्री। ऐसे में लालू प्रसाद यादव का ये दावा करना कि उन्होंने मंडल आयोग की सिफारिशों को देश में लागू किया था, सर्वथा अनुचित और झूठा प्रचार नहीं है?

हम लालू प्रसाद यादव से यह पूछना चाहते हैं कि, अगर लालू प्रसाद यादव पिछड़ों के इतने बड़े हितैषी हैं तो वो बतौर सांसद मंडल कमीशन की तरफ से 31 मार्च से 18 मई, 1979 के बीच सांसदों के लिए बुलायी गई बैठकों में शामिल क्यों नहीं हुए?

3. क्या ये सही नहीं है कि कपूरी ठाकुर द्वारा लागू कपूरी फॉमूर्ला आरक्षण को केंद्र में लागू करने के लिए लालू प्रसाद यादव ने एक बार भी मांग नहीं की ? जबकि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार लगातार केंद्र सरकार से मांग करते रहे और इनकी मांगों और दबाव के कारण ही रोहिणी आयोग गठित किया गया।

## संक्षिप्त खबर

### कांग्रेस का इकोसिस्टम देश में नस्लवाद और धार्मिक उन्माद का जहर फैला रहा : विजय कुमार सिन्हा

**पटना (नव शक्ति संवाददाता)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि तीसरे चरण के मतदान के बाद विपक्ष के सारे मंसूबे धराशायी हो गए हैं । अवसाद और बौखलाहट में ये लोग अनर्गल प्रलाप करने लग गए हैं ।

श्री सिन्हा ने कहा कि जहाँ बिहार में श्रीमान लालू प्रसाद और उनके युवराज हर दिन धार्मिक और जातीय उन्माद का जहर उगल रहे हैं वहीं कांग्रेस और उसका पूरा इकोसिस्टम देश को जाति, धर्म और नस्ल के आधार पर बांटने में जुट गया है ।

श्री सिन्हा ने कहा कि सैम पित्रोदा ने मां भारती की संतानों को लेकर जो नस्लवादी टिप्पणी की है, उससे कांग्रेस की 'अभिजातवादी' सोच सामने आती है । सैम पित्रोदा का वास्तविक नाम सत्यनारायण पित्रोदा है । लेकिन उनको अपने भारतीय नाम तक से परहेज है । भारत और भारतीयता के प्रति उनके मन में हमेशा से तिरस्कार का भाव रहा है । ऐसे लोग कांग्रेस और इंडी गठबंधन के थिंक टैंक रहे हैं। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि कांग्रेस की नस्लवादी और एलीट सोच रखने वाले लोगों ने 60 वर्षों तक भारत के लोगों को हीनभावना के साथ जीने को मजबूर रखा । ये देश के लोकतंत्र को मुगलों और अंग्रेजों की तरह कुलीनतंत्र बना कर रखना चाहते हैं । इसीलिए इनका पूरा गठबंधन वास्तव में परिवारवादी शहजादों की एक पिटी हुई फौज है ।

### कांग्रेस राजद मुसलमानों को ही हंसिए पर डाल रखा है : प्रदेश संयोजक राजीव रंजन



**पटना (नव शक्ति संवाददाता)।** आजादी के बाद से मुसलमानों को महज एक वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने वाले कांग्रेस राजद मुसलमानों को ही हंसिए पर डाल रखा है उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक प्रतिपुष्टि एवं प्रतिक्रिया विभाग के प्रदेश संयोजक राजीव रंजन ने कही उन्होंने राजद कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा की इन पार्टियों के तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के कारण ही मुसलमान की स्थिति बाद से बदतर है बिहार में मुसलमान की आबादी 17.7 फीसदी है इनमें गरीब एवं पिछड़ों की आबादी 70% तक है इन्हें आज तक सरकारी नौकरी में मंत्र 0.7% हिस्सेदारी मिली जबकि मुसलमान ग्रैजुएट की संख्या मात्र 14 फीसदी है मैं पूछना चाहता हूं राजद और कांग्रेस के रहनुमाओं से इसके लिए कौन जिम्मेवार है सिर्फ आप और आप लोग है लालू प्रसाद जी सिर्फ और सिर्फ जातिवाद धर्मवाद करके बिहार को 90 के दशक में ले जाना चाहते हैं पर यह संभव नहीं है।

श्री रंजन ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास को लेकर चले महज 10 वर्षों ही में ही प्रधानमंत्री भवन निर्माण योजना में कुल बनने वाले मकान के 30 फीसदी मकान मुसलमान के बने हैं किसान समृद्धि योजना में कुल लाभार्थी के 33 परसेंट लाभ मुसलमान को मिला है और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 9 करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन दिया गया है इसके अलावा कई ऐसी योजनाएं चल रही हैं जिस मुसलमानों की स्थिति बेहतर हो माननीय लालू प्रसाद यादव तेजस्वी यादव जी कान खोलकर सुन लीजिए अब तुष्टिकरण का भी खेल आपके पहलू से निकल गया आप लाख भरम लें कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है आपके सारे समीकरण इस चुनाव में धरे के धरे रह जाएंगे आधे चुनाव के बाद यह खुलकर स्पष्ट हो गया कि बिहार के 40 से 40 सीट एवं देश में भारतीय जनता पार्टी 400 पर करके अपनी सरकार बनाएगी और इंडी गठबंधन खिसियानी बिल्ली की तरह खंभा नोचेगी।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था का महापर्व है मतदान, इसे धूमधाम से मनाएं : डा. नीतू




**पटना, (नवशक्ति)।** जिला स्वीप कोषांग की ओर से लोक गायिका और स्वीप की आइकॉन डा. नीतू कुमारी नवगीत के नेतृत्व में पटना सिटी एरिया में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें पटना के सभी नागरिकों और विशेष कर युवाओं को लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। डा. नीतू ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का महापर्व मतदान होता है। हर देशवासी को यह महापर्व धूमधाम से मनाना चाहिए।

मुख्य कार्यक्रम का आयोजन इन्फेंट जीसस स्कूल के सभा कक्ष में किया गया। इन्फेंट जीसस स्कूल के निदेशक पास्कल पीट ओस्टा, प्रिंसिपल रंजन जोसेफ, जनसंपर्क अधिकारी सुविधा रंजन, माधुरी शर्मा आदि मतदाता जागरूकता अभियान के समय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क अधिकारी लोकेश कुमार झा भी उपस्थित रहे। स्वीप आइकॉन डा. नीतू कुमारी नवगीत ने जागरूकता अभियान की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। जागरूकता अभियान की आइकान डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि 18वीं लोकसभा के लिए होने वाला चुनाव पूरे विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक पर्व है। इस चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। पटना साहिब लोकसभा तथा पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान एक जून को होने वाला है। जिला जनसंपर्क अधिकारी लोकेश कुमार झा ने कहा कि हमें विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का नागरिक होने पर गर्व है।

इसलिए अपने लोकतांत्रिक महापर्व को पूरे जोश-ओ-खरोश के साथ मनाना है। उन्होंने कहा कि मतदाता चाहे किसी भी उम्र के क्यों ना हो, मतदान करने का मौका नहीं गावांए। नथिंग लाइक वोटिंग, क्योंकि इसी से देश का भविष्य तय होता है।

नीतू कुमारी नवगीत ने स्वरचित गीत गाकर उपस्थित लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। लोकतंत्र का महापर्व है मिलकर इसे मनाते हैं, देश की खातिर चलिए चलिए हम सब बटन दबाते हैं, पहले हम मतदान करेंगे तब फिर हम जलपान करेंगे और बुजुर्ग आ जवान सब करिह मतदान ...जैसे गीतों के माध्यम से लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने उपस्थित लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने मतदान में अपनी भागीदारी निभाने तथा मतदान में भाग लेने के लिए शपथ भी ली।

# तीन चरणों के मतदान के बाद विपक्षी कुनबा हताशा और निराशा में : प्रभाकर

**पटना, (नव शक्ति संवाददाता)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने विपक्षी दलों पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि तीसरे चरण का चुनाव खत्म होने के बाद विपक्षी दल हताशा और निराशा के गर्त में हैं। विपक्षी दलों के नेता फ्रस्ट्रेशन में अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।

श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तीन चरणों के मतदान में राजद को शून्य पर आउट होता देख लालू प्रसाद काफी विचलित हैं । लालू प्रसाद की दोनों बेटियों की भी करारी हार तय है, क्योंकि पाटलिपुत्र और सारण सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में तेज लहर है। यह चुनाव परिवारवाद और भ्रष्टाचारियों की ताबूत में अंतिम कील साबित होगा। श्री मिश्र ने कहा कि सियासत में लालू प्रसाद की भूमिका एक विदूषक की रही है लेकिन आजकल लालू जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, वह बताता लालू बिहार की सियासत के बेचैन प्राणि हैं।

श्री मिश्र ने कहा कि लालू प्रसाद को मालूम होना चाहिए कि सरकारी नौकरियों में आरक्षण पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की देन थी। लालू और उनके शागिर्दों ने तो मंडल कमीशन के नाम पर समाज में जातीय उन्माद फैलाया। लालू ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए एक जाति को दूसरे जाति के खिलाफ भड़काया।जबकि पीएम मोदी का स्पष्ट कहना है देश में दो ही जाति है अमीर और गरीब। पीएम मोदी का प्रयास अमीरी और गरीबी की खाई को पाटने का रहा है। इस बात को देश-प्रदेश की जनता समझ चुकी है। 04 जून को देश की जनता बता देगी कि कौन दलित और पिछड़ा विरोधी है। दलित और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर एक धर्म विशेष को देने की घोषणा का परिणाम क्या होता है।

### लालू–तेजस्वी अत्यन्त पिछड़ी जाति आरक्षण के सबसे बड़े विरोधी : डॉ .भीम सिंह

**पटना , (नवशक्ति)।** बिहार भाजपा उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह ने लालू-तेजस्वी द्वारा भाजपा पर आरक्षण विरोधी होने के आरोप को सच्चाई से कोसों दूर और पिछड़ी जातियों की आँखों में धूल झोंक कर वोट लेने का प्रयास मात्र बतलाया है। उन्होंने कहा कि सच्चाई तो यह है कि अत्यंत पिछड़ी जातियों के सबसे बड़े विरोधी लालू जी ही रहे हैं। उन्होंने बिहार मे भी मंडल कमीशन लागू करने की आड़ में कपूरी फामूर्ला के तहत प्राप्त अत्यंत पिछड़ी जातियों का अलग आरक्षण कोटा को समाप्त करने का प्रयास किया था। पर मेरे नेतृत्व में उनके उस प्रयास के विरोध में हुए आन्दोलन के कारण वे वैसा नहीं कर पाए थे। डॉ. सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद कपूरी फामूर्ला, जिसके तहत पिछड़ी तथा अत्यंत पिछड़ी जातियों का आरक्षण कोटा अलग-अलग निर्धारित किया गया है, के सदैव विरोधी रहे हैं। वे निजी बातचीत में अत्यंत पिछड़ी जातियों तथा उनके नेताओं का सदैव उपहास उड़ाते रहते हैं। उनका प्रिय कलाम है- 'अत्यंत पिछड़ा किस चिड़ियां का नाम है'। डॉ. सिंह ने कहा कि दूसरी ओर इस बात के कम से कम आधा दर्जन उदाहरण हैं कि जब-जब एससी,एसटी & ओबीसी के आरक्षण प्रावधान पर संकट आया, भाजपा ने संकटमोचक की भूमिका निभायी है। पूरा देश जानता है कि मोदी जी ने ही राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया है जबकि जिस कॉग्रेस के वे पिछलग्गू बने हुए हैं उसने उस ओर ध्यान भी नहीं दिया और लालू जी भी रेल मंत्री के रूप में इसके लिए कोई प्रयास नहीं किया। गरीबों के मसीहा जननायक कपूरी ठाकुर जी को भारतरत्न सम्मान भी मोदी जी ने ही दिया, लालू जी की मैडम सोनिया गाँधी ने नहीं।

# बांकीपुर विधानसभा में लोकसभा चुनाव तथा प्रधानमंत्री के रोड-शो को लेकर बैठक संपन्न




**पटना , (नवशक्ति)।** नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने ज़िला अध्यक्ष अभिषेक के साथ बांकीपुर विधानसभा की महत्वपूर्ण बैठक कर विधानसभा अंतर्गत लोकसभा चुनाव के प्रबंधन के साथ-साथ आगामी 12 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित रोड शो की भव्य तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। भाजपा संगठन की दृष्टि से सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं को प्रधानमंत्री के रोड शो को सफल बनाने के लिए प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से विमर्श किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड -शो कार्यक्रम के प्रभारी मंत्री नितिन नवीन बनाये गये है। मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि इतिहास में यह पहला मौका होगा कि देश के प्रधानमंत्री बिहार में रोड शो करेंगे, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो विधानसभा की दृष्टि से बांकीपुर में ही केंद्रित होगा जो हम सब के लिये गर्व का विषय है, हम सब मिलकर प्रधानमंत्री के स्वागत और अभिनंदन में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, यह हम सभी कार्यकताओं के लिए ऐतिहासिक अवसर है। आगामी 10 मई को राजग प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से अपना नामांकन अक्षय तृतीया के पावन दिन करेंगे । इस अवसर पर वीरचंद पटेल पथ स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पर ही लोगो का जमाव होगा जहां सभी लोग इकट्ठा होकर प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद को अपनी शुभकामनाएँ एवं आशीष देंगे । पार्टी पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में बांकीपुर विधानसभा की आम जनता, प्रबुद्ध नागरिक, वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा व्यावसायिक संगठन के प्रतिनिधियों समेत बुद्धिजीवी वर्ग के लोग एनडीए प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद को अपना समर्थन देने के लिए एकजुटता का परिचय देंगे। इसी बैठक में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रत्येक मंडल में शक्तिकेंद्र स्तर पर दो बैठकप्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के साथ करने की योजना तय की गई। इसके अलावा, अस्सी वर्ष के वयोवृद्ध मतदाताओं के मतदान उनके घर पर ही सुनिश्चित कराने की भी व्यवस्था की जायेगी। बैठक का संचालन महामंत्री अजीत लाली तथा अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष अभिषेक ने की, बैठक में संतलाल राय, नीलरत्न घोष नीलू, पूर्व महापौर संजय, विधानसभा संयोजक जितेंद्र कुमार, शैलेंद्र यादव, प्रमोद सिंह, संजय पप्पू, सरदार अमर सिंह समेत विधानसभा अन्तर्गत सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, महामंत्री, शक्तिकेंद्र प्रमुख तथा सह-प्रमुख समेत ज़िला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीयूएसबी में डॉ. धीरज कुमार द्वारा जीवन विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के लिए बीआईआरएसी में फंडिंग के अवसरों पर आमंत्रित व्याख्यान

**गया, ( नवशक्ति)।** अनुसंधान के लिए वित्तपोषण के अवसरों का समन्वेषण करने के उद्देश्य से, दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के जीवन विज्ञान विभाग ने ₹फंडिंग ओप्पोरचुनिटीज एट बीआईआरएसी फॉर लाइफ साइंस एंड बायोटेक्नोलॉजी₹ शीर्षक पर एक आमंत्रित वार्ता का आयोजन किया। जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सिर आलम ने बताया कि यह कार्यक्रम सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित किया गया। अतिथि व्याख्यान डॉ. धीरज कुमार, मुख्य प्रबंधक-तकनीकी, बायोटेक औद्योगिक अनुसंधान सहायता परिषद (बीआईआरएसी), जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी), भारत सरकार द्वारा दिया गया। डॉ. धीरज कुमार ने स्टार्ट-अप और उद्यमिता के निर्माण में बीआईआरएसी के लक्ष्य, उद्देश्य और भूमिका पर एक व्यापक प्रस्तुति दी। उन्होंने यूजी (स्नातक), पीजी (स्नातकोत्तर) और पीएचडी छात्रों और विभिन्न चरणों में संकाय सदस्यों के लिए बीआईआरएसी द्वारा उपलब्ध फंडिंग अवसरों पर एक विस्तृत विवरण प्रदान किया। डॉ. कुमार ने विश्वविद्यालय के लिए बीआईआरएसी की फंडिंग योजना और उद्यमिता के लिए युवा सोच के पोषण के लिए ई-युवा, एसआईटीएरे, बिग, एआईआर और बायोनेस्ट-इनक्यूबेटर के माध्यम से धन की व्यवहार्यता के बारे में विस्तार से चर्चा की और अंत में सभागार उपस्थित दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर भी दिया संरक्षक के रूप में सीयूएसबी के कुलपति प्रो. के.एन.



सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों, शोधकताओं और संकाय सदस्यों के लिए बीआईआरएसी, डीबीटी, सरकार द्वारा प्रस्तावित विभिन्न शोध योजनाओं के बारे में दिए जाने वाले अनुदान के बारे जानने के लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। प्रो. सिंह ने आशा व्यक्त की कि अतिथि वक्ता द्वारा बताए गए बिंदु छात्रों को उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहित करेंगे और हमारे देश को 'विकसित भारत' बनाने में योगदान देंगे, जो प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मुख्य लक्ष्यों में से एक है। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत में, संयोजक डॉ. राम प्रताप सिंह ने डॉ. धीरज कुमार का स्वागत किया और विश्वविद्यालय के साथ बीआईआरएसी में वित्त पोषण योजनाओं को साझा करने के उनके प्रयासों के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने जीवन विज्ञान विभाग के 07 संकाय सदस्यों की क्रमशः एवियन बायोलॉजी, प्लांट फिजियोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, प्रोटीन रसायन विज्ञान, कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी और कैंसर बायोलॉजी जैसे सात अलग-अलग क्षेत्रों में विशेषज्ञता का उल्लेख किया।औपचारिक उद्घाटन के बाद, कार्यक्रम समन्वयक, डॉ. तारा काशव ने विशिष्ट वक्ता डॉ. धीरज कुमार का परिचय करवाते हुए कहा कि अतिथि वक्ता स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 15 वर्षों से अधिक के नेतृत्व और अनुभव के साथ एक वरिष्ठ विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रबंधन पेशेवर हैं। उनके नेतृत्व में, बीआईआरएसी ने भारत में किफायती स्वास्थ्य देखभाल उत्पादों के विकास और उनके स्वदेशी विकास के लिए क्षमता निर्माण को आगे बढ़ाया।

# महागठबंधन प्रत्याशी सुरेन्द्र प्रसाद यादव सहित 4 प्रतियाशियों ने किया नामांकन



**जहानाबाद (नवशक्ति)।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए नामांकन शुरू हो गया है। पहले दिन जहानाबाद संसदीय क्षेत्र से पांच निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। वहीं दूसरे दिन बुधवार को महागठबंधन प्रत्याशी पूर्व मंत्री डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद यादव सहित 4 प्रत्याशी ने निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। जिनमे राष्टीय जनता दल से सुरेंद्र प्रसाद यादव, निर्दलीय से मो. सरफराज अहमद, निर्दलीय से मणिभूषण शर्मा एवम् भारतीय सार्थक पार्टी से राजकिशोर शर्मा शामिल है।इस दौरान राजद प्रत्याशी सुरेंद्र प्रसाद यादव ने संसदीय क्षेत्र के विकास के संबंध में अपने विचार प्रस्तुत किए साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हम पूर्व में भी यहां के सांसद रहे हैं और हमने कई विकास कार्य किए हैं। मेरी पहली प्राथमिकता विकास होगी, औद्योगिक कारखाने लगाए जाएंगे, सिंचाई की व्यवस्था की जाएगी, नदियों को अन्य नदियों से जोड़ा जाएगा। प्रत्याशी ने अपनी जीत का दावा किया। नामांकन को लेकर उनके समर्थक बड़ी संख्या में आए थे, जहां उनका उत्साह के साथ स्वागत किया गया। नामांकन दाखिल करने के बाद जैसे ही वे बाहर निकले तो बड़ी संख्या में समर्थकों ने उन्हें माला पहनाई।

# लालू ने कहा- मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए : प्रशांत किशोर



**● मुसलमान 32 साल से लालटेन को वोट दे रहे हैं, समय आ गया है जब मुसलमानों को लालू से पूछना चाहिए कि मुसलमान को आजतक उप-मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाया या कोई बड़ा मंत्रालय क्यों नहीं दिया?**

**पटना ( नवशक्ति)।** जन सुराज पदयात्रा के दौरान पत्रकार वार्ता में एक सवाल का जवाब देते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि जब तक आप समाज में सुधार नहीं लाएंगे, आपके बच्चे गुजरात और तमिलनाडु में जाकर मजदूरी ही करेंगे, फिर यहां के लोगो का भला कैसे होगा। मैं बिहार में 18 महीने से पैदल चल रहा हूं, 5 हजार से ज्यादा गांव में जाने के बाद मैं रोज मंच से कहता हूं कि दलितों के बाद सबसे ज्यादा गरीब, बदहाल, फटेहाल अगर बिहार में कोई है तो वो मुसलमान है। लेकिन 32 साल से मुसलमानों ने लालटेन का साथ नहीं छोड़ा है। 30-32 सालों में मुसलमानों ने फ्खऊसे कभी नहीं पूछा कि आपके नेता सड़क और ग्रामीण कार्य मंत्री रहे फिर हमारे गांव में सड़क, नाली और गली क्यों नहीं बना है? आप स्वास्थ्य मंत्री थे फिर बच्चों के लिए अस्पताल और दबाई क्यों नहीं है? आप शिक्षा मंत्री थे फिर हमारे बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था क्यों नहीं है? मुसलमान इन सारी परेशानियों के बावजूद लालटेन को वोट देता है।

# फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज ने मुजफ्फरपुर में शुरू की मल्टी स्पेशलिटी ओपीडी सेवाएं

**मुजफ्फरपुर (नव शक्ति संवाददाता)।** दिल्ली-एनसीआर के लीडिंग अस्पताल फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज, नई दिल्ली ने बुधवार को मुजफ्फरपुर में स्थानीय कार्ना हेल्थकेयर के साथ मिलकर मल्टी स्पेशलिटी ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ किया है। इस ओपीडी के जरिए न्यूरोसर्जरी, स्पाइन सर्जरी कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, स्पोर्ट्स इंजरी, कंधे और घुटने की सर्जरी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और जीआई मिनिमल एक्सेस बेरिएट्रिक सर्जरी से जुड़े ट्रीटमेंट के बारे में एक्सपर्ट की सलाह मिलेगी। ये ओपीडी सेवा फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज नई दिल्ली के कई डॉक्टरों की मौजूदगी में शुरू की गयी। फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज में न्यूरोसर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर अनुराग गुप्ता, कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के डायरेक्टर डॉक्टर संजय गुप्ता, मेडिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर अमित भार्गव, ऑर्थोपेडिक्स, स्पोर्ट्स इंजरी, कंधे व घुटने की सर्जरी के एडिशनल डायरेक्टर डॉक्टर विश्वदीप शर्मा, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर मनोज कुमार और जीआई मिनिमल एक्सेस बेरिएट्रिक सर्जरी के डायरेक्टर डॉक्टर हेमनाथ कुमार समेत कई अन्य मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में ये ओपीडी सेवा मुजफ्फरपुर में शुरू की गई। ये मल्टी स्पेशलिटी ओपीडी सेवा आज से ही शुरू हो रही है जहां फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज, नई दिल्ली के डॉक्टर महीने के अलग-अलग दिनों पर आएंगे और मरीजों को देखेंगे। न्यूरोसर्जरी और स्पाइन सर्जरी




के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर अनुराग गुप्ता और कार्डियो वैस्कुलर थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के डायरेक्टर डॉक्टर संजय गुप्ता हर महीने के पहले बुधवार को ओपीडी में मरीजों को देखेंगे। वहीं, मेडिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर अमित भार्गव और ऑर्थोपेडिक्स, स्पोर्ट्स इंजरी, कंधे व घुटने की सर्जरी के एडिशनल डायरेक्टर डॉक्टर विश्वदीप शर्मा हर महीने के दूसरे बुधवार को ओपीडी में उपलब्ध रहेंगे। जबकि जीआई मिनिमल एक्सेस बेरिएट्रिक सर्जरी के डायरेक्टर डॉक्टर हेमंत कुमार हर महीने के तीसरे रविवार को ओपीडी में मरीजों को प्राथमिक परामर्श देंगे। डॉ हेमंत पेट से संबंधित सभी बीमारियो के बारे मे तथा ओबेसिटी से संबंधित परेशानियों के बारे में परामर्श देंगे. इस ओपीडी का मकसद मुजफ्फरपुर व आसपास के लोगों को बेस्ट हेल्थ केयर मुहैया कराना है। लॉन्च के दौरान फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज, नई दिल्ली में न्यूरोसर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर अनुराग गुप्ता ने कहा, "इन ओपीडी सेवाओं के शुभारंभ के साथ हमारा उद्देश्य मुजफ्फरपुर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को व्यापक तौर पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज, नई दिल्ली में कार्डियो वैस्कुलर थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के डायरेक्टर डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा, ₹हमारी ओपीडी में हार्ट, फेफड़े तथा खून की नसों से सम्बन्धित बीमारी के बारे मे परामर्श दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबर

### बाइक सवार ने दो छात्राओं को ठोकर मार कर बुरी तरह घायल किया

**इस्लामपुर(नालंदा)(नवशक्ति)।** खुदागंज राजगीर मुख्य सड़क मार्ग पर पचरुखिया मोड़ के समीप एक बाइक सवार ने कोचिंग से पढ़ कर घर वापस लौट रही दो छात्राओं को ठोकर मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना में घायल छात्राओं को स्थानीय लोगो की सहायता से इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घायल छात्राओं की पहचान खुदागंज थाना क्षेत्र के बैरा गांव निवासी हसनु मिया की पुत्री शबनम परवीन और सुहैल आलम की पुत्री हसीना परवीन के रूप में की गई ।दोनों छात्राएं साइकिल पर सवार होकर खुदागंज शहर स्थित कोचिंग में बुधवार को पढ़ने आई थी। कोचिंग में छुट्टी होने के बाद दोनो सहेली साइकिल पर सवार होकर अपने गांव वापस लौट रही थी। तभी पचरुखिया मोड़ के समीप सामने से तेज रफ्तार में आ रहे एक बाइक चला रहा युवक छात्राओं के साइकिल में जबरदस्त ठोकर मार दिया। जिसमे दोनो छात्राएं बुरी तरह घायल हो गई। घटना के बाद बाइक सवार बाइक लेकर भागने में सफल हो गया। उधर घटना में घायल छात्राओं का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है।

### शौच जा रहे युवक कि करंट लगने से मौत

**थरथरी (नालंदा) (नवशक्ति)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डीहा गांव में मंगलवार को देर रात शौच के लिए बाहर निकले युवक को बिजली पोल के संपर्क में आने से युवक कि करंट लगने से मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि डीहा गांव के प्रदीप ठाकुर के 28 वर्षीय पुत्र सेठू शर्मा देर रात घर से बाहर गली में शौच करने के लिए निकला था कि विद्युत पोल के संपर्क में आने पर करंट से उसकी मौत हो गई। सेठू शर्मा का एक पुत्री और एक पुत्र है, वह गांव के चौराहे पर अंडा बेचता था। घटना कि खवर सुनकर पंचायत के जनप्रतिनिधि पूर्व मुखिया युगेश्वर कुमार,उप मुखिया संतोष यादव ,राहुल कुमार ने आर्थिक मदद की। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि डीहा गांव के सेठू शर्मा को करंट लगने से मौत हो गई है। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया गया है।

### दूसरे दिन किसी ने नहीं किया नामांकन

**बिहारशरीफ (नालंदा)(नवशक्ति)।** आज बुधवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर 29 नालंदा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल पत्र की संख्या -शून्य रही। अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन हेतु कटाए गये नाजीर रसीद की संख्या -6 थी।अब तक कुल 20 लोगों ने नजीर रशीद कटाया है।

### सभी मतदान केन्द्रों पर शेड का निर्माण कराये आयोग

**पटना( नवशक्ति)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने भारत निर्वाचन आयोग से सभी मतदान केन्दों पर शेड का निर्माण कराने और शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराने की मांग की है। महागठबंधन के दबदबा वाले मतदान केन्दों पर आवश्यक सुविधाओं का अभाव देखा जा रहा है ।साथ ही मतदाता पर्ची वितरण में गड़बड़ी की कई जगहों से शिकायत मिली है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि तीसरे चरण में 07 मई 2024 को बिहार के पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव हुआ। इस चरण में 9848 मतदान केन्दों में से 1547 मतदान केन्दों पर आयोग के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। मतदाता चिलचिलाती धूप में लाइन में खड़े रहें। अररिया जिला में 211, खगड़िया में 139, मधेपुरा में 82, मधुबनी में 507, सहरसा में 151 एवं सुपौल में 457 मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त कमरा अथवा शेड की व्यवस्था नहीं की गई थी। जबकि मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गर्मी से बचाव हेतु ऐसे मतदान केन्द्रों पर शेड की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। इसके बावजूद जान-बुझकर अधिकारियों के द्वारा शेड का निर्माण नहीं कराया जा रहा है जिससे मतदाताओं को धूप में काफी परेशानी हो रही है। साथ ही तीन चरणों के चुनाव के दौरान मतदाता पर्ची वितरण में लापरवाही की शिकायत मिली है और मतदाताओं के नाम भी सूची से हटा दिए गए हैं।

# किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने बिहार की राजधानी पटना में अपना दूसरा एक्सक्लूसिव शोरूम लॉन्च किया

**पटना (नव शक्ति संवाददाता)।** आभूषण उद्योग के अग्रणी नाम, किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी, ने पटना के सगुना मोड़, दानापुर में अपने एक्सक्लूसिव शोरूम का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन के साथ, वे अपनी रणनीतिक विस्तार को भी जारी रख रहे हैं। यह किसना का बिहार में एक ही सप्ताह में दूसरा धमाका है और पूरे भारत में 26वां शोरूम है।

इस विस्तार के साथ, किसना देश भर में ग्राहकों को अद्वितीय शिल्प कौशल और कालातीत सुंदरता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत कर रहे हैं। शोरूम के भव्य शुभारंभ में हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, घनश्याम ढोलकिया, और किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के डायरेक्टर, पराग शाह मौजूद थे।

दानापुर, पटना में स्थित, नया




शोरूम पटना के मूल्यवान उपभोक्ताओं के लिए लग्जरी खरीदारी के अनुभवों को फिर से परिभाषित करने का वादा करता है। सावधानीपूर्वक तैयार किए गए आभूषणों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, किसना उपभोक्ताओं को शाश्वत सुंदरता और अद्वितीय शिल्प कौशल की दुनिया में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है। हरी कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और एम.डी. घनश्याम ढोलकिया ने अपने इस एक्सक्लूसिव ब्रांड शोरूम की घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हम बिहार में अपने दूसरे विशेष शोरूम का उद्घाटन करते हुए रोमांचित हैं, पटना जो इतिहास और सांस्कृतिक महत्व से भरा शहर है। यह विस्तार विभिन्न उपभोक्ताओं को बेहतरीन गुणवत्ता वाले आभूषण प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देता है। 'हर घर किस्ना' की दृष्टि के साथ हमारा लक्ष्य भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाला हीरा आभूषण ब्रांड बनना है और हर महिला के हीरे के आभूषण रखने के सपने को साकार करना है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के डायरेक्टर, पराग शाह ने कहा, "पटना के दूसरे विशेष शोरूम का उद्घाटन किसना की उत्कृष्टता की निरंतर खोज और पूरे भारत में उत्तम हीरे और सोने के आभूषणों के लिए पसंदीदा स्थान बनने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। नवाचार, ग्राहक-केंद्रितता और गुणवत्ता पर ध्यान देने के साथ, किसना अपनी अद्वितीय रचनाओं से दिलों को लुभाने और जीवन को संवारने के लिए तैयार है। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी के फ्रेंचाइजी पार्टनर, रविशंकर किसलय एवं जीतेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा, किसना डायमंड एंड ज्वेलरी के साथ साझेदारी हमारे लिए बहुत ही महत्पूर्ण है और हम उनके द्वारा पेश की जा रही अद्भुत ज्वेलरी के जरिये पटना के लोगों को बेहतर सेवाएं देने के लिए उत्साहित हैं। हम ग्राहकों को बेहद खूबसूरत और कहीं न मिलने वाली क्वालिटी देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# राजद के आरक्षण छीनने का सपना पूरा नहीं होने देगा अतिपिछड़ा समाज: राजीव रंजन

**पटना, (नवशक्ति )।** राजद को अतिपिछड़ा विरोधी पार्टी बताते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता व अतिपिछड़ा समाज के नेता राजीव रंजन ने आज कहा है कि तेजस्वी के बाद अब लालू जी के धर्म के आधार पर आरक्षण देने के बयान से भी साफ है कि यह लोग दलितों, पिछड़ों-अतिपिछड़ों का आरक्षण घटाना चाहते हैं।उन्होंने कहा कि वास्तव में राजद-कांग्रेस की यूपीए सरकार के समय इन्होने रंगनाथ मिश्रा आयोग की सिफारिशों को लागू करना चाहते हैं, जिसमें दलित-पिछड़े-अतिपिछड़े समाज का आरक्षण काट कर अन्य धर्मों को देने की बात कही गयी थी।

कांग्रेस कर्नाटक में ओबीसी का कोटा काट कर ऐसा कर भी चुकी है। अब बिहार में भी यह उसे दोहराना चाहते हैं।जदयू प्रवक्ता ने कहा कि वास्तव में राजद की आरक्षण पर लग रही रट सिर्फ लोगों को गुमराह करने के लिए। इनका इतिहास गवाह है कि सत्ता में रहते हुए इन्होने किसी भी वर्ग को न तो आरक्षण दिया और न ही उनके आरक्षण को बढाया। राजद के नेताओं को समझ लेना चाहिए कि उन्हें जिसे आरक्षण देने का वादा करना हो करें लेकिन दलित-पिछड़ों और अतिपिछड़ों के आरक्षण में कटौती करने का उनका कोई भी प्रयास बिहार की जनता बर्दाश्त नहीं करने वाली है। एक की थाली से निवाला छीन कर दूसरे को देना सही नहीं कहा जा सकता।उन्होंने कहा कि हकीकत में राजद की निगाह में दलितों, पिछड़ों और अतिपिछड़ों की औकात गुलामों से अधिक नहीं है। नमो-नीतीश की जोड़ी में समाज के गरीब तबकों का हुआ विकास व सशक्तिकरण इन्हें फूटी आँखों नहीं सुहा रहा है। दरअसल इन्हें लगता है कि नमो-नीतीश सरकारों में गरीबों की बढ़ी आत्मनिर्भरता के कारण ही यह लोग उन्हें वोट नहीं देते है। इसीलिए यह लोग उन्हें गरीब बना कर अपने ऊपर आश्रित बनाये रखना चाहते हैं।

# इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ.संदीप सौरभ 9 मई को नामांकन करेंगे

**संजय कुमार**

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)।** बिहारशरीफ स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ. संदीप सौरभ ने कहा कि नालंदा की जनता से भरपूर प्यार और समर्थन मिल रहा है। व्यापक समर्थन के साथ मैं कल 9 मई को 12 बजे दिन से अपना नामांकन दाखिल करूंगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा देश का संविधान- लोकतंत्र और आरक्षण को खत्म करने में लगी है। नालंदा की जनता इस षड्यंत्र को समझ चुकी है। इसलिए यहां आम जनमानस में भाजपा गठबंधन के खिलाफ जबरदस्त रोष है। वहीं दूसरी तरफ एनडीए उम्मदीवार पंद्रह साल के कार्यकाल पर जनता के सवालों पर जवाब देने के बजाए अनर्गल बयानबाजी में लगे है। वे जनता के सवालों के कटघरे में है।

मोदी सरकार के दस साल में भारत बेरोजगारों और कॉरपोरेट लूट का देश बना दिया गया है। महंगाई से जनमानस त्रस्त है। इसलिए इण्डिया गठबन्धन ने नौकरी - रोजगार, पढ़ाई, सिंचाई, दवाई आदि को केंद्रीय मुद्दा बनाया है। 30 लाख खाली पड़े पदों पर नौकरी देने, प्रति वर्ष सभी महिलाओं को एक- एक लाख रुपए की सहायता, प्रति परिवार 200 यूनिट बिजली फ्री इत्यादि मुद्दों पर इंडिया गठबन्धन चुनाव लड़ रही है। जिसका अपार जनसमर्थन मिल रहा है। नालंदा के स्थानीय मुद्दों के साथ जनोन्मुखी विकाश के लिए हम संकल्पित है।

नालंदा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में नालंदा के छात्र- छात्राओं को नामांकन एवम् भर्तियों में स्थानीय लोगों की प्राथमिकता। हरनौत से



रजौली तक इंडस्ट्रियल हब के लिए विशेष कार्ययोजना। पूर्व में अथवा वर्तमान में किसानों के जमीन अधिग्रहण का नोएडा के तर्ज पर मुआवजा का भुगतानकृषि आधारित उद्योगों का विस्तृत नेटवर्क तैयार करना।दलितगरीबों के लिए विशेष आवास योजना चलाना- सभी वृद्धों,विकलांगों और विधवाओं के लिए न्यूनतम 3000 रुपए का मासिक पेंशन। राजगीर,पावापुरी, काकोलत और नालंदा प्राचीन विश्वविद्यालय को विशेष पर्यटन उद्योग के रूप में पर्यावरण संतुलन के साथ विकसित करना। प्रखंडों में सब्जी मंडी बनाने की घोषणा बिहार सरकार द्वारा हुई थी। लेकीन धरातल पर कही नहीं दिख रहा है। इसको लागू करवाना हमारी प्राथमिकता होगी।

नामांकन के बाद जिले के विभिन्न गणमान्य नागरिकों, बुद्धजीवी, पत्रकार, छात्र-युवाओं से संवाद कर नालंदा के विभिन्न मुद्दों का चार्टर भी जारी करेगें।उन्होंने जिले के महिलाओं , किसान -मजदूरों, छात्र- युवाओं से आग्रह किया कि नामांकन सभा में शामिल होकर आशीर्वाद देने का आग्रह किया। प्रेस कांफ्रेंस में नवनिर्वाचित माले एमएलसी शशि यादव, भाकपा माले जिला सचिव सुरेंद्र राम भी उपस्थित थे।नामांकन सभा में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी, संयुक्त किसान मोर्चा नेता योगेंद्र यादव, जेएनयू दिल्ली के छात्रसंघ अध्यक्ष धनंजय,कांग्रेस की विधायक नीतू सिंह,माले विधायक दल के नेता महबूब आलम,उपनेता सत्यदेव राम,राजद के विधायक राकेश रौशन, माले विधायक अमरजीत कुशवाहा, एमएलसी शशि यादव, सीपीआई की निवेदिता झा, सीपीएम के अरुण मिश्रा, छात्र संगठन आइसा महासचिव प्रसेनजीत कुमार, राजद जिला अध्यक्ष अशोक हिमांशु, नालंदा वीआईपी अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र बिंद आदि भाग लेंगे।नामांकन सभा में भाकपा माले, राजद, कांग्रेस, वीआईपी, सीपीआई, सीपीएम, आप, भीम आर्मी सहित जिलेभर से हजारों नेता, कार्यकर्त्ता एवम अन्य बुद्धिजीवी भाग लेंगे।

नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा।
प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को दिया सम्मान: संजय सेठ

## सांसद संजय सेठ ने आज इचागढ़ के विभिन्न क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया

रांची, (नवशक्ति)। सांसद सेठ ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के आजादी के 70 साल बाद महिलाओं को सम्मान दिया उड़ीसा के एक सुदूर गांव में रहने वाली आदिवासी महिलाओं को देश का राष्ट्रपति बनाया बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ के अभियान के तहत बेटियों को सुरक्षित रखने के लिए जनधन खाता उसके पढ़ाई की जिम्मेवारी उसकी शादी तक का सारा खर्च देश के यशस्वत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसी स्कीम के द्वारा बेटियों को सुरक्षित किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बेटियों को आगे बढ़ाया देश की बेटियों के लिए अपने द्वारा खोले और बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए 30% आरक्षण दिया कांग्रेस 70 साल से महिलाओं के आरक्षण को दबा के रखा थी देश की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए मोदी जी ने कई काम किया देश की बेटियों के के उच्च शिक्षा के लिए सैनिक स्कूल में नामांकन की प्रक्रिया शुरू की देश की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए, खेलो इंडिया के माध्यम से प्रतिभा को आगे बढ़ने का काम किया।

झारखंड की सरकार ने झारखंड को लूटने का काम किया है कांग्रेस के प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी ने कहा था मे दिल्ली से ?1 भेजता हूं तो वह 15 पैसे ही लोगों तक पहुंच पाते हैं लेकिन आज नरेंद्र मोदी केंद्र से 1 भेजते हैं तो लाभुकों के खाते में पूरा 1 पहुंचता है यह है नरेंद्र मोदी की गारंटी नरेंद्र मोदी की सरकार ने कट मनी के प्रचलन को खत्म किया झारखंड की गठबंधन की सरकार में लोगों को बिजली, पानी, ट्रांसफार्मर, तक नहीं मिल रहे है।रघुवर दास की जब सरकार थी तो लोगों को 22 घंटे बिजली मिलती थी आज शहर में 10 से 12 घंटे बिजली मिल रही है वहीं ग्रामीणों क्षेत्र में मात्र 7 से 8 घंटे बिजली मिल रही है। ट्रांसफार्मर जल जाने पर लोगों को दो-दो महीने इंतजार करना पड़ रहा है इस भीष्म गर्मी में सारे चापाकल खराब पड़े हैं कोई सुध लेने वाला नहीं है लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो पा रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के गरीब परिवारों के लिए लिए कई तरह की योजनाएं चला रहा है है विश्वकर्मा योजना हो या फिर छोटे दुकानदारों जो वेंडर के रूप में कार्यरत है उन्हें ?10 हजार बिना ब्याज के रोजगार के लिए दिए जा रहे हैं । यही कांग्रेस के लोग हैं जिन्होंने राम को कल्पनी कहा था जिन्होंने राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकरा दिया सनातनी धर्म को गाली बकने वाले लोगों को आज सबक सिखाने का समय आ गया है।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के लिए हम सब को मिलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की आवश्यकता है आज के इस दौर आजसु के प्रदेश सचिव हर लाल महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे इस अवसर पर दिनेश कुमार, मधु गोराई, सारथी महतो ,बलराम महतो, कुलवंत सिंह बंटी ,महेश कुंडु, दिवाकर सिंह, प्रशांत पोद्दार, मनोरंजन महतो, दिलीप महतो ,विशाल चौधरी, देवजीत कुमार देवाशीष राय ,अनीता पारीत विजय मंडल ,सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# राजपा के पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी धनजय यादव ने किया नामांकन



पटना, (नवशक्ति)। राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी के पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी धनजय यादव ने आज अपना नामांकन पटना डीएम के पास किया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र साहनी उपस्थित थे। श्री साहनी ने कहा है कि एनडीए सरकार से पूरा जनता त्रस्त है इसलिए एनडीए को जड़ से उखाड़ कर फेंकने की जरूरत है और मेरा नारा भी है बीजेपी भगाओ राजपा लाओ और देश बचाओ। इसलिए पटना साहिब के तब आप जनता से अनुरोध करते हैं कि हमारे प्रत्याशी धनजय यादव के चुनाव चिन्ह फूलगोभी छाप पर बटन दबाकर विजय बनाएं। प्रत्याशी धनजय यादव ने कहा अगर हमारे क्षेत्र की जनता हमको जीताएगी तो हम पटना लोकसभा के चौमुखी विकास करने के लिए बच्चन बंद रहेंगे। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणवीर निषाद, गंगा केवट, एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, पटना ने बिहार पोस्टल सर्कल के साथ निर्यात अवसरों पर ज्ञानवर्धक बैठक की मेजबानी की

पटना ( नवशक्ति)। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, ने पटना में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक के मेजबान दिलीप कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, खादी ग्रामोद्योग, पटना, प्रदीप कुमार, सहायक लेखा पदाधिकारी, और रमेश कुमार, प्रबंधक, खादी मॉल, पटना थे।




बैठक के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता अनिल कुमार, मुख्य डाक महाध्यक्ष, बिहार परिमंडल, पटना, ने उपस्थित लोगों, निर्यातकों, और उद्यमियों को बिहार डाक परिमंडल द्वारा पेश किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी।श्री कुमार ने बिहार डाक परिमंडल द्वारा प्रदान की जाने वाली डाक घर निर्यात केंद्र (डीएनके) सेवा के महत्व पर विशेष जोर दिया, जिसके माध्यम से कोई भी निर्यातक अपने उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में भेज सकता है एवं जिसकी मदद से निर्यातक अपने द्वारा बनाये गए वस्तुयों/ सामान को विदेशों तक आसानी से एक छत के नीचे से पंहुचा सकते हैं कश्री कुमार ने आगे बताया के अब निर्यातक बनना कितना आसान हो गया है । किसी भी व्यक्ति को अगर अपना किसी भी तरह का सामान या वस्तु अगर विदेश भेजना/निर्यात करना है तो वो सीधा डाक घर आए और यहाँ खुद को डाक घर निर्यात केंद्र (डीएनके) सेवा के तहत पंजीयन करवाए और उसके बाद उनके सामान/ वस्तु को उनके घर से लेकर के विदेश तक पहुचाने का काम डाक घर करेगा ।

इस अवसर पर पवन कुमार, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय), बिहार परिमंडल, पटना, राजदेव प्रसाद, वरिष्ठ डाक अधीक्षक, पटना मंडल, पटना, मनीष कुमार, वरिष्ठ रेल डाक अधीक्षक, आर.एम.एस., ह्यपी.टी.ह्ल मंडल, पटना, नवीन कुमार, सहायक निदेशक (बी.डी.), पटना, और अन्य डाकघर के अधिकारी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैठक में बिहार डाक परिमंडल के प्रति लोगों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया देखी गई।

# देश को बचाने के लिए कांग्रेस के एक-एक नेता को जनसम्पर्क अभियान चलाकर जनता को जागरूक करना होगा: सुबोधकांत सहाय

रांची , (नवशक्ति)। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक रांची लोकसभा क्षेत्र की चुनावी तैयारी हेतु कांग्रेस भवन, रांची में जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित थे। इस बैठक में रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से जिला पदाधिकारीगण उपस्थित हुए।बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश की राजनीतिक स्थिति भयावह है । यह सिर्फ एक आम चुनाव नहीं बल्कि देश के संविधान बचाने का चुनाव है, देश की सामाजिक समरसता को बचाए रखने का चुनाव है।इसीलिए सभी नेताओं को गांव-गांव जाकर




कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय एवं पच्चीस गारंटी से संबंधित कार्ड को प्रत्येक घर तक पहुंचाना होगा। बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पदाधिकारियों ने अपने सुझाव दिये। साथ ही यह भी संकल्प लिया कि रांची लोकसभा में इंडिया गठबंधन की जीत हर हाल में सुनिश्चित करनी है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने अपने विचार रखते हुए सभी पदाधिकारियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र के स्थापित नेता हैं। आप इस चुनावी युद्ध में जोर-शोर से लग जाईए ।देश को बचाने के लिए कांग्रेस के एक-एक नेता को पंचायत एवं बूथ स्तर पर जनसम्पर्क अभियान चलाकर जनता को जागरूक करना होगा। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप तुलस्यान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब चुनाव में समय बहुत कम है। हम सबको पूरी ताकत झोंक देनी है ताकि लोकसभा की जीत सुनिश्चित हो। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता डॉ. इलियास मजीद ने किया। बैठक को दीपा उरांव,जसीम अंसारी, राजेंद्र सिंह मुंडा, सुधा देवी ,अर्चना मिश्रा, नागेश्वर महतो, महताब आलम ,गौरीशंकर महतो, मदन मोहन मिश्रा,मीनू सिंह, चंदन बैठा ,रश्मि पिंगुआ, सुनील उरांव ,रमेश पांडे ,जफर इमाम, रीता चौधरी ,माधो कच्छप, रफीक खान, रामदेव सिंह,जफर इमाम,जगदीश चंद्र महतो,मिथलेश तिवारी, बिनोद साहू, मिथलेश मुण्डा आदि नेताओं ने भी अपने विचार रखे।धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष शहीद अहमद ने किया।

बैठक में शिवनारायण महतो, अब्दुस सलाम, लालचंद सोनी, एनुल हक, विनिता देवी,दशरथ महतो, फिरोज आलम, देव कुमार महतो, भीम सिंह, हुसैन अंसारी, मनोज लकड़ा, गुलजार अहमद, अशफाक आलम सहित सैकड़ों नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे ।

## हिंदुओं को टोपी पहनाकर मुसलमान बनाने और फिर उन्हें भाजपा में शामिल करने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण: डॉ राकेश

रांची, (नवशक्ति)। रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने भजपा द्वारा रांची में हिंदुओं को टोपी पहनाकर मुसलमान बनाने और फिर उन्हें भाजपा में शामिल करने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी घोर निंदा की है। इस कारनामे से भाजपा की धोखाधड़ी, बौखलाहट और झूठ-फरेब को साफ तौर पर देखा जा सकता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा अपनी हार का अंदाजा लगाकर अनाप शनाप और ओछी हरकत कर रही है। जनता यह सब देख रही है और चुनाव में इसका को मुंहतोड़ जवाब देगी। इससे यह भी साफ हो गया कि भाजपा हर मोर्चे पर असफल हो चुकी है और अपने परंपरागत वोट भी गंवा चुकी है। इसलिए ऐसी हरकत भाजपाई कर रहे हैं। इस घटना की जितनी भी निन्दा की जाए वह कम होगा।

## बिहार की 40 की 40 सीटें जितना ही भाजपा के हर कार्यकर्ता का लक्ष्य : सतीश राजू

पटना, (नवशक्ति)। आज भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश संयोजक सतीश राजू जी के अध्यक्षता में भाजपा प्रदेश मुख्यालय के अटल सभागार में आयोजित की गई जिसमें लोकसभा चुनाव पर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश राजू जी ने कहा की भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ ने बिहार में 40 की 40 सीटें जितने हेतु सभी लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा प्रभारी नियुक्त किया है ताकि अधिक से अधिक लोगों तक केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा सके। श्री राजू ने कहा की बिहार में भाजपा 40 की 40 सीटें और देश में 400 से अधिक सीटें जीतेगी। उक्त अवसर पर भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी अभय सिंह, सह-संयोजक धीरेन्द्र सिन्हा, मुकेश पासवान, सौरव कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष विकास सिंह, प्रवक्ता आनंद सिन्हा, निलेश तिवारी, क्षेत्रीय प्रभारी सचिन राणावत, विपुल कुमार, कुंदन कुमार, मोहित श्रीवास्तव, रोहित सिन्हा, सुमित शर्मा, रेणु कुमारी, समीक्षा, कंचन आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लोजपा रामविलास की राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होगें

पटना, (नवशक्ति)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान आज श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में एनडीए पाटलिपुत्र लोकसभा प्रत्याशी श्री रामकृपाल यादव के नामांकन सभा में सम्मिलित होंगे तथा सभा को संबोधित करेंगे। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि इसके अलावा श्री चिराग पासवान जहानाबाद गांधी मैदान में एनडीए जहानाबाद प्रत्याशी चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी के नामांकन सभा में शामिल होंगे। ईसके बाद चिराग पासवान शाम 5:00 बजे उच्च विद्यालय मोहददीनगर समस्तीपुर में एनडीए के समस्तीपुर लोकसभा से लोजपा (रामविलास) प्रत्याशी शांभवी चौधरी के लिए विशाल जन सभा को संबोधित करेंगे। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

## छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 10 मई को मनोहरपुर, कुरडेग और चैनपुर में जनसभा को करेंगे संबोधित

रांची। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 10 मई को झारखंड आएंगे। इस दिन वे खूंटी लोकसभा, लोहरदगा लोकसभा और सिंहभूम लोकसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री साय पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित मणिपुर मैदान में 10:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी, प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा, पश्चिम सिंहभूम के जिला अध्यक्ष संजू पांडे, सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव भी मौजूद रहेंगे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री खूंटी लोकसभा के गताडीह बगीचा, प्रखंड मैदान करडेग में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, जिला अध्यक्ष (खूंटी) चंद्रशेखर गुप्ता, जिला अध्यक्ष सिमडेगा लक्ष्मण बड़ाईक भी मौजूद रहेंगे।

# महागठबंधन का परंपरागत वोट छिन्न-भिन्न: मनोज शर्मा

पटना , ( नवशक्ति)। बिहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने बयान जारी करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक और प्रदेश के प्रवक्ता मनोज शर्मा ने बयान जारी करते हुए यह दावा किया है कि जो अभीतक तीन चरणों के चुनाव हुए हैं उसमें सभी सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 14 सीटों पर जनता ने अपने मत का प्रयोग कर दिया है लेकिन, इन 14 सीटों पर जनता ने एनडीए को बहुमत दिया है। इसमें दो राय नहीं है कि 2014 से लेकर अब तक माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी में लोगों की आस्था अभी बरकरार है और लोगों का मानना है कि माननीय नरेंद्र मोदी जी देश की दशा और दिशा बदल रहे हैं विकसित भारत बना रहे हैं। तीन चरणों में हुए चुनाव में बिहार के लोग जाति-धर्म से उठकर राष्ट्रहित और विकास के पैमाने को सर्वोपरि मानते हुए वोट कर रहे हैं और आने वाले बाकी के चार चरणों में भी बिहार की जनता का रुख यही रहने वाला है। जो संकल्प बिहार की जनता और देश की जनता ने लिया है इस बार एनडीए की सरकार को 400 पार सीट जिताना है तो उस ओर सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं।

श्री शर्मा ने आगे कहा कि एनडीए के सभी घटक दल पूरी तरह से मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। सभी मिलकर एनडीए की एक-एक सीटों पर काम कर रहे हैं और एक दूसरे के प्रत्याशियों को वोट दिलाने का काम कर रहे हैं। जहां-जहां भी दूसरे दल के प्रत्याशी हैं वहां एनडीए के दूसरे घटक दल के लोग पूरे जोश के साथ काम कर रहें है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां एनडीए के आधार वोट को लुभाने के चक्कर में महागठबंधन का माई (ट- ) समीकरण पूरी तरह से ध्वस्त हुआ है। वही, दूसरी तरफ एनडीए के पक्ष उन वोटरों ने भी मतदान किया है जो कभी एनडीए के परंपरागत वोटर नहीं रहे थे।



श्री मनोज शर्मा ने आगे कहा कि पहले चरण में औरंगाबाद, गया नवादा और जमुई। दूसरे चरण में किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका। वहीं, तीसरे चरण के चुनाव में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में हुए लोकसभा चुनाव में 14 सीटों 8 जदयू, 3 भाजपा दो एलजेपी और एक हम के साथियों ने चुनाव लड़ा। सभी क्षेत्रों में, सभी दलों के नेताओं और कार्यकताओं ने खूब मेहनत की है और इन 14 सीटों पर एनडीए का परचम लहराएगा, ऐसी उम्मीद है। जो रिपोर्ट मिल रहे है उससे प्रतीत होता कि जिस वोट बैंक पर महागठबंधन दावा किया करता था, वह एनडीए के पक्ष में आ गए है, महागठबंधन का परंपरागत वोट बैंक छिन्न भिन्न हो गया है।

भाजपा प्रवक्ता श्री मनोज शर्मा ने महागठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि बिहार का पूरा चुनाव एक तरफा हो चुका है। तीन चरण तो महज झांकी है बाकी चार चरणों में भी इसी तरह के परिणाम आएंगे। एनडीए जिस तरह से मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है वहीं, महागठबंधन के घटक दल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी पूरे देश में श्री नरेंद्र मोदी जी का की गारंटी का जादू चल रहा है और लोगों को श्री नरेंद्र मोदी जी पर पूर्ण विश्वास है और यही वजह है की बिहार की जनता महागठबंधन के उम्मीदवारों को पूछ तक नहीं रही है। एनडीए घटक दलों की एकता के सामने महागठबंधन के दल चुनावी मैदान में कही नही है। इस बार बिहार से श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथ को मजबूत करने के लिए 40 में 40 सीट यहां की जनता जीता रही है।

## अभिनेता कुणाल सिकंद ने वैशाली लोकसभा से नामांकन दाखिल किया




वैशाली , ( नवशक्ति)। भारतीय लोकमंच के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह अभिनेता कुणाल सिकंद ने वैशाली लोकसभा से नामांकन दाखिल किया। नामांकन बाद उन्होंने कहा की वैशाली की वर्तमान सांसद भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की महत्व अकांशी योजनाओं को धरातल पर उतार नही पाई। प्रधानमंत्री जी की महत्व अकांशी योजनों को लोकमंच वैशाली की जनता के बीच चुनाव के बाद पहुंचायेगी। वैशाली की सम्मानित जनता लोकमंच को अवश्य ही वोट करेगी और भारी मतो से विजय बनायेगी। वैशाली लोकसभा सभा क्षेत्र की जनता अब विकास, सुरक्षा, शिक्षा,रोजगार खोज रही है और आधुनिक वैशाली बनाने के लिए वोट करने को तैयार है। वैशाली लोकसभा के युवाओं में लोकमंच को लेकर एक अलग ही जोस और जुनून देखा जा रहा है। जो वैशाली लोकसभा की अगले पाँच साल में तस्वीर बदल जायेगी। जब पूरा हिन्दुस्तान महामारी से लड़ रही थी तो वैशाली की जनता को छोड़ कर वर्तमान सांसद कहा थी कोई अता पता तक नही था। इस बार की लोकसभा का चुनाव भारत मे एक नया इतिहास लिखेगा। लोकमंच वैशाली लोकसभा जीत कर महान समाजवादी नेता लोकमंच के संस्थापक पूर्व सांसद अमर सिंह के सपनो को धरातल पर उतारेगी और समाज के अंतिम पैदान पर खड़े लोगो तक मदद पहुँचायेगी।

# एनईपी 2020 पूर्व-प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक माध्यम: कुलपति प्रो. पी. के. शाही

पटना। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी)के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) द्वारा यूजीसी एमएमटी-पीपी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की योजना के तहत ₹राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अभिविन्यास और संवेदीकरण कार्यक्रम₹ पर आठ दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह के कुशल नेतृत्व में 30 अप्रैल से 8 मई 2024 तक ऑनलाइन माध्यम से प्रभावी ढंग से संपन्न किया गया. जिसमें देश के १२ राज्यों से प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। सीयूएसबी के माननीय कुलपति, प्रोफेसर सिंह के अनुसार वर्ष 2024 के लिए सीयूएसबी का आदर्श वाक्य है- ₹सीयूएसबी परिवार विकसित भारत @2047 के लिए समर्पित₹ ।

समापन सत्र की शुरूआत, प्रोफेसर रवि कांत, अधिष्ठाता, शिक्षा पीठ के स्वागत भाषण से हुई. तत्पश्चात, डॉ. तरूण कुमार त्यागी, कार्यक्रम समन्वयक एवं निदेशक, एमएमटीटीसी, सीयूएसबी गया ने उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षकों हेतु आठ दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ठएढ 2020 के मुख्य विषय के 16 उप-विषयों पर हुए इंटरैक्टिव सत्र की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की. समापन सत्र के मुख्य अतिथि, प्रोफेसर शशि प्रताप शाही, माननीय कुलपति, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया, बिहार ने अपने संबोधन में इस बात पर प्रकाश डाला कि एनईपी 2020 पूर्व-प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक माध्यम के रूप में क्षेत्रीय भाषा के बारे में बात करता है। उन्होंने एनईपी 2020 के कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला जो ऐसे दृष्टिकोण




और सुझावों को शामिल करके हमारी शिक्षा प्रणाली को अधिक छात्र-केंद्रित बनने में मदद कर सकते हैं. उन्होंने प्रतिभागियों को विकासशील भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नवीन अनुसंधान और विकास करने के लिए भी प्रोत्साहित किया. उन्होंने कहा कि राष्ट्र के सम्यक विकास हेतु आत्मनिर्भरता जरूरी है।

प्रोफेसर आर.के. सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में शिक्षकों को राष्ट्र निमार्ता बनने और देश को विश्वगुरु बनाने के लिए हर संभव तरीके से अपनी क्षमता का योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह वह नीति है जो 21वीं सदी के मुद्दों, चुनौतियों और जरूरतों को संबोधित करती है और इसमें भारत को 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत@2047' के रूप में बदलने के लिए शिक्षार्थियों को उत्तरदायी नागरिक के रूप में तैयार करने की योजना है.

कार्यक्रम के अंतिम दिन, प्रोफेसर शेफाली नागपाल, बी.पी. सिंह महाविद्यालय, सोनीपत, हरियाणा ने सत्र के शुरूआत अपने उद्बोधन से की. उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों में वित्तीय नियोजन और आंतरिक संसाधन जुटाने के विषय पर अपने अद्भुत विचार-विमर्श से सत्र को समृद्ध बनाया। उन्होंने आंतरिक और बाह्य संसाधन जुटाने के बीच अंतर पर चर्चा की और बताया कि संस्थान अपने संस्थानों के विकास के लिए आंतरिक संसाधनों का प्रबंधन और विनियमन कैसे कर सकते हैं । उन्होंने वित्तीय रणनीतिक योजना और आंतरिक संसाधन जुटाने के प्रमुख घटकों की आवश्यकता और भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि शिक्षा के उच्च स्तर पर उद्योग-अकादमिक अंतर कैसे पैदा होता है और एनईपी 2020 के प्रकाश में इस अंतर को भरने के लिए युवा उम्र की वास्तविक क्षमता कैसे तैयार की जाती है। अंत में, उन्होंने व्यावहारिकता पर प्रकाश डालते हुए अपना विचार-विमर्श समाप्त किया। कार्यक्रम का समापन लेफ्टिनेंट (डॉ.) प्रज्ञा गुप्ता, सहायक प्रोफेसर, शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा अतिथियों, संसाधन व्यक्तियों, सम्मानित प्रतिभागियों और अन्य संकाय सदस्यों और विभिन्न विभागों के अनुसंधान विद्वानों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया. कार्यक्रम के दौरान, प्रो रेखा अग्रवाल और विभाग के सभी संकाय सदस्य एवं शोधार्थी मौजूद थे ।